23/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट की समीक्षा की। यह रिपोर्ट राज्य के संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन, कार्मिक प्रशासन को सुदृढ़ करने, जिला प्रशासन को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही सहभागी जनसेवा के माध्यम से विश्वास को बढ़ावा देने तथा ई-गवर्नेंस को तेज करने पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि ये सुधार एक ऐसा प्रशासनिक व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से है जो कार्यकुशल, आचरण में जवाबदेह जनता की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील हो।

0000000000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने नामसाई जिले के नामपोंग में आयोजित पांगसु पास अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव 2026 के समापन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने ऐतिहासिक ओल्ड लेडो रोड से होते हुए नामसाई से पांगसु पास तक आयोजित विंटेज विलीज जीप रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान सांसद तापिर गाव, राज्य विधानसभा अध्यक्षः तेसाम पोंगते और अरुणाचल और नागालैंड के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। जयरामपुर में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने वर्ल्ड वार - ll सिमेट्री का उद्घाटन किया तथा "वॉल ऑफ द फॉरगॉटन थिएटर - द्वितीय विश्व युद्ध का अनावरण कर पूर्वी युद्ध क्षेत्र में शहिद सैनिकों एवं नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उन्नत द्वतीय विश्व युद्ध संग्रहालय का भी दौरा किया और 7वीं असम राइफल्स के सिपाही लामतू तिखाक को भी श्रद्धांजलि दी।

श्री मेन ने कहा कि वे पुराने लेडो रोड को पुन: खोलने तथा पांगसु पास में एकीकृत चेक पोस्ट को कार्यशील बनाने की लगातार वकालत करते रहे है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यवपार और आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिले के चयांगताजो में फ्लोरिस्टिक सर्वे के दौरान स्ट्रोबिलैंथस की एक नई प्रजाति, स्ट्रोबिलैंथस रितेशई की खोज की गई है। यह खोज भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI) अरुणाचल प्रदेश क्षेत्रीय केंद्र तथा अगरकर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे द्वारा की गई है।

0000000000000000000

पापुम पारे जिले में तीन स्वास्थ्य संस्थाओं को कायाकल्प योजना और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है। चयनित स्वास्थ्य संस्थाओं में तारासो का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सोपो का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और गुमतो स्वास्थ्य केंद्र शामिल है।

0000000000000000000000

अरुणाचल स्टार्ट-अप डे के अवसर पर ईटानगर स्थित राज्य बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के स्टार्टअप संस्थापको ने अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन किया। यह स्टार्ट-अप इंडिया के दस वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इनोवेशन मंथ का हिस्सा था।

0000000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्ष्ण संस्थान, दिरांग के नारांग तेलयांग ने गुवाहाटी में आयोजित इंडिया स्किल्स 2025-26 क्षेत्रीय प्रतियोगिता में कुकिंग श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया। वे अब मार्च दो हजार छब्बीस में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीच नेमचा जानपी ने फ्लोरिस्ट्री में कास्य पदक जीता जबकि मागा रीना को रेस्टोरेंट सर्विसेज में मेडेलियन ऑफ एक्सीलेंस मिला। प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश टीम का नेतृत्व DSDE ग्याति काचो ने किया था। सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिभागियों ने 26 कौशल श्रेणियों में भाग लिया।

0000000000000000000

तवांग जिला उपायुक्त नामग्याल अंग्मो की अध्यक्षःता में जिला आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्षः में तवांग जिले की जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला विकास रिपोर्ट और सतत विकास लक्ष्य संकेतकों पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें प्रभावी योजना और परिणाम-आधारित कार्यान्वयन पर जोर दिया गया।

0000000000000000000000

लोअर सियांग ज़िले में ज़िला पुलिस द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कल से की गई। यह माह “सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा” राष्ट्रीय थीम के अंतर्गत मनाया जा रहा है।

इसके तहत जन जागरुकता रैलिया, शिक्षात्मक मोटर वाहन जांच अभियान, जन संपर्क कार्यक्रम तथा जिले भर में पुलिस जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000

चिंपू स्थित दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की अरुणाचल प्रदेश राज्य शाखा द्वारा ओरल और डेंटल स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नि:शुल्क परामर्श, उपचार और स्वच्छता किट प्रदान की गई।

0000000000000000000

नाहरलागुन के टी. नेमे फुटसल एरिना में गुरुवार को 59वें बूरी बूट युल्लो खेल प्रतियोगिता का आधिकारिक शुभारंभ हुआ। समारोह का उद्घाटन ताई गागुंग और डॉ. लेनिन लिगु द्वारा किया गया। अपने संबोधनो में अतिथियों ने खेल भावना के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक खेल की भावना महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त रहने और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की।

00000000000000000000000